प्रेषक,

मानिक चन्द्र,

अनु सचिव,

उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. कुलसचिव, ए 0 के0 टी0 यू0, उ०प्र० लखनऊ।
2. कुलसचिव, एच 0 बी0 टी0 यू0, उ०प्र० कानपुर।
3. कुलसचिव, एम 0 एम 0 एम 0 यू0 टी0, उ०प्र० गोरखपुर।
4. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ 0 प्र 0, कानपुर।
5. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ 0 प्र 0, लखनऊ।
7. निदेशक, बुंदेलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, झांसी।
8. निदेशक, कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर।
9. निदेशक, समस्त राजकीय इंजीनियरिंग कालेज।
10. सचिव, प्रवेश और फीस नियमन समिति।
11. उ०प्र० वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3 **लखनऊ: दिनांक:**19/01/2024

विषय- राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25.01.2024 को मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री चंद्रशेखर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० के पत्र दिनांक 80/सीईओ-6-60/6-2022, दिनांक 17.01.2024 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25.01.2024 के अवसर पर स्कूल व शैक्षणिक संस्थानों में प्रजातान्त्रिक मूल्यों के उत्प्रेरण हेतु **'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम' 'Nothing like voting, I vote for sure'** के विषय पर विभिन्न गतिविधियाँ यथा निबन्ध,वाद-विवाद प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिता आदि का आयोजन सुनिश्चित कराये जाने के साथ-साथ अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया स्कूल व शैक्षणिक संस्थाओं में

उक्त वर्णित कार्यक्रमों का आयोजन कराने के साथ ही अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों में दिनांक 25.01.2024 को अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाने हेतु कार्यक्रम आयोजित कराने का कष्ट करें।

3. उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि दिनांक 25.01.2024 को सार्वजनिक अवकाश के दृष्टिगत शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिनांक 24.01.2024 को भी सुविधानुसार आयोजित किया जा सकता है।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

(मानिक चन्द्र)
अनु सचिव।